**डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)**
**(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)**
**DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)**
**(A Central University)**

क्र./आर/2021/7/726 04 जून 2021

## आवश्यक सूचना

### कोविड–19 टीकाकरण कार्यक्रम

जिला प्रशासन के सहयोग से कोविड–19 वैश्विक महामारी से बचाव हेतु जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, सागर द्वारा विश्वविद्यालय स्थित सावित्रीबाई फुले भवन (Teaching Learning Centre of Social Science) में **दिनांक 05 जून, 2021 (शनिवार) को सुबह 11:45 बजे विश्वविद्यालयीन टीकाकरण कार्यक्रम** का द्वितीय चरण माननीया कुलपति महोदया की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ होने जा रहा है। अतः सम्मानीय शिक्षकगण, अधिकरीगण, कर्मचारीगण एवं उनके परिवार के सभी सदस्यगण जिनकी आयु 18 वर्ष या इससे अधिक है, से आग्रह है कि कोविड –19 का टीका आवश्यक रूप से लगवा कर इसका लाभ उठायें।

विश्वविद्यालय स्थित सावित्रीबाई फुले भवन में टीकाकरण कार्यक्रम कम से कम आगामी एक सप्ताह के लिए कार्यालयीन दिवसों में समय सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित किया जायेगा। टीकाकरण स्थल में मास्क एवं दो गज की दूरी का पालन किया जाना आवश्यक हैं। उक्त टीकाकरण कार्यक्रम में स्पाट रजिस्ट्रेशन हेतु अपने मोबाइल नंबर के साथ आधारकार्ड एवं विश्वविद्यालय पहचान–पत्र जैसे दस्तावेज अवश्य रखें।

4/6/2021
**कुलसचिव (प्र.)**

**प्रतिलिपिः–**

1. **समस्त प्रशासनिक एवं अकादमिक अधिष्ठाता एवं निदेशकगण ।**
2. **समस्त विभागाध्यक्ष/शिक्षकगण/प्रभारी अधिकारी।**
3. **प्रभारी परीक्षा नियंत्रक, प्रो. इंचार्ज लाइब्रेरी, प्रभारी वित्ताधिकारी।**
4. **कुलानुशासक एवं मुख्य सुरक्षा अधिकारी ।**
5. **मुख्य प्रतिपालक, बालक/बालिका छात्रावास ।**
6. **समस्त अधिकारी/शाखा प्रभारी/कर्मचारीगण।**

(1–6:) कृपया विभागीय शिक्षकों एवं अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक रूप से टीप करायें।

7. **मीडिया अधिकारी** : उक्ताशय के प्रचार–प्रसार हेतु ।
8. **समन्वयक, टी.एल.सी.एस.एस.**– कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग हेतु।
9. **प्रो.इंचार्ज वेबसाईट सेल** – यह सूचना वेबसाईट पर अपलोड करने की कृपा करें।
10. **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, स्वा. एवं स्वच्छता विभाग**–कार्यक्रम में समन्वय/आवश्यक व्यवस्था हेतु।
11. **कुलपति जी के सचिव** – माननीया कुलपति जी के सूचनार्थ।
12. **सहायक कुलसचिव** (कुलसचिव कार्यालय)।
13. **सम्बंधित नस्ति।**